



# सिरफिरे पति ने महिला को गोलियों से भूनकर की हत्या



घटना के बाद जांच पड़ताल करते पुलिस अधिकारी. फोटो : रविन्द्र सिंह चौहान


नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 सितम्बर.** शुक्रवार की शाम सरेराह एक सिरफिरे ने महिला को गोलियों से भून दिया। गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिरफिरे बदमाश ने महिला को रोका और फिर उसके चेहरे पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। महिला को गोलियां मारने के बाद सिरफिरा मौके पर ही बैठा रहा। ताबड़तोड़

**वारदात सरेराह कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम के पास घटी**

**हत्यारे ने पुलिस पर तानी पिस्टल, काबू करने के लिये पुलिस ने छोड़ी अश्रु गैस**

गोलियों की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया। वारदात विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम के पास घटी। गोलियां चलाने के बाद सिरफिरे को जब राहगीरों ने पकड़ने का प्रयास किया तो उसने राहगीरों को धमकाया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया। बदमाश ने पुलिस पर भी पिस्टल तान दी। घबराकर पुलिस कर्मी पीछे हटे और फिर बदमाश को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई की और गाड़ी में डालकर थाने ले गई। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला को चार पांच गोली लगी है और अस्पताल में उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित महिला और आरोपी पति-पत्नी है और दोनों ने लव मैरिज की थी। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी के चलते आरोपी पति ने महिला पर प्राणघातक हमला किया है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम के पास शुक्रवार की दोपहर अरविंद परिहार ने अपनी पत्नी नंदिनी परिहार की गोलियां मारकर हत्या कर दी। अरविंद ने नंदिनी को सड़क पर रोका और फिर उसके चेहरे को निशाना बनाते हुये पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमे चार से पांच गोलियां नंदिनी के लगी और वह लहुलूहान होकर सड़क पर गिर पड़ी। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाश को जब पुलिसकर्मियों ने पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस पर पिस्टल तान दी। जिसके बाद अश्रु गैस के गोले छोड़कर बदमाश को काबू में लेकर उसे थाने पहुंचाया गया। पुलिस ने बदमाश से वारदात में प्रयुक्त पिस्टल भी जब्त कर ली है। पुलिस ने घायल नंदिनी को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में प्रत्यक्षदर्शी एडवोकेट एमपी सिंह ने बताया कि वह न्यायालय से आ रहे थे और अभी तरुण पुष्कर तक पहुंचे ही थे कि उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी और जब उन्होंने पास जाकर देखा तो एक साइको टाइप का व्यक्ति सड़क पर बैठा था और उसने एक महिला पर कई बार गोलियां चलाईं। तीन गोलियां तो बदमाश ने मेरे सामने चलाई और महिला गोली लगने से लहुलूहान होकर बेसुध होकर गिर पड़ी। सड़क पर भीड़ इकटठा हो गई और राहगीरों ने जब बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया तो वह राहगीरों पर भी हावी हो गया और उसके हाथ में पिस्टल देखकर राहगीर भी पीछे हट गये और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बदमाश को काबू करने के लिये अश्रु गैस के गोले छोड़े तब आरोपी को पकड़ा जा सका।

थाना प्रभारी पड़ाव आलोक परिहार ने बताया कि कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम के पास नंदिनी परिहार को गोली मारने वाला आरोपी अरविंद परिहार है और अरविंद ने नंदिनी परिहार से आर्य समाज मंदिर से शादी की थी और शादी के कुछ दिनों बाद से ही उनमे विवाद शुरू हो गया था। नंदिनी ने 9 सितंबर मंगलवार को अरविंद के खिलाफ एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी।

### जनसुनवाई में भी कई बार नंदिनी ने की थी शिकायत

अरविंद द्वारा आये दिन नंदिनी पर किये जा रहे जानलेवा हमले और उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बदनाम करने की शिकायत नंदिनी ने जनसुनवाई में की थी। जनसुनवाई में नंदिनी ने पुलिस अधिकारियों को बताया था कि अरविंद और पूजा सोशल मीडिया पर उसके फर्जी अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर रहे हैं। ये सामग्री उनके परिवार को भी भेजी जा रही है और अरविंद उसे धमकाता है कि अगर वह उसके पास वापिस नहीं आई तो उसे मार देगा और अरविंद उनके सहयोग करने वाले परिवारजनों को भी परेशान कर रहा है। नंदिनी ने पुलिस से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग भी जनसुनवाई में की थी।

### आर्य समाज पद्धति से किया था प्रेम विवाह, कई बार किया था नंदिनी को मारने का प्रयास

अरविंद ने नंदिनी के साथ धोखे से आर्य समाज पद्धति से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद नंदिनी को पता चला कि अरविंद पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। जिसके बाद नंदिनी ने विरोध किया तो 16 नवंबर 2024 को अरविंद और उसकी दोस्त पूजा परिहार ने उस पर हमला किया था। जिसकी शिकायत नंदिनी ने थाने में दर्ज कराई थी और यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इसके साथ ही अरविंद ने एक बार नंदिनी पर जानलेवा हमला भी किया था। नंदिनी जब सिरोल थाने के पास अपने बेटे और माता-पिता के साथ पैदल जा रही थीं, तब पीछे से तेज गति से कार से अरविंद ने उसे कुचलकर मारने का प्रयास किया था। उस दौरान नंदिनी को गंभीर चोटें आई थी। इसके बाद उसने पति अरविंद के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने अरविंद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था।

## युवक को डराने किए हवाई फायर, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**ग्वालियर।** जनकगंज थाना क्षेत्र के तारागंज पुल के पास युवक से विवाद होने के बाद चार लोगों ने बंदूक से हवाई फायर कर दिए। घटना गुरुवार रात 9:30 बजे की है। पुलिस ने चार नामजद लोगों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है और जांच प्रारंभ कर दी है। नीरज झा ग्राम रिछाई भितरवार का रहने वाला है और वर्तमान में मुरकुटो माता मंदिर के पास तारागंज में रह रहा है। गुरुवार की रात नीरज का विवाद अरविंद रावत, मोनू रावत, बंटी रावत तथा केशव रावत से हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि चारों आरोपियों ने नीरज के साथ मारपीट कर दी। दहशत फैलाने की नीयत से मौके पर बंदूक से हवाई फायर कर दिया, जिससे क्षेत्र में डर का माहौल बन गया।

पुलिस ने नीरज की शिकायत पर अरविंद रावत, मोनू रावत, बंटी रावत तथा केशव रावत के खिलाफ मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का मामला कायम कर लिया है।

### बाइक्स फूंकने के मामले में संलिप्त एक आरोपी धरा

**ग्वालियर**-जनकगंज थाना पुलिस ने ही बीते बुधवार की रात लक्ष्मीगंज मंडी गेट पर पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में फरियादी चेतन तिवारी व उसके साथियों की बाइक्स को आग लगाने की घटना में संलिप्त एक आरोपी अभिषेक चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया है।



# मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल में मरीजों की भीड़

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 12 सितम्बर.** जिले में रिकॉर्ड बारिश होने के बावजूद गर्मी का सितम जारी है। उमश ने लोगों को बेहाल कर रखा है। जगह-जगह बारिश के जमा पानी में पनप रहे मच्छर और मौसम के बदलाव से मौसमी बीमारियां बढ़ती जा रही है। बीमारी ठीक होने के बाद दस से पन्द्रह दिन में फिर वापसी कर रही है।जिसके चलते जिले के अस्पतालों में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

### वायरल संक्रमण से पीड़ित मरीज पहुंच रहे अस्पताल

जिला अस्पताल और हजार बिस्तर अस्पताल की ओपीडी में सबसे अधिक मरीज बुखार के पहुंच रहे है। सर्दी,खांसी,जुकाम की शिकायत के साथ साथ यूरिन संक्रमण, टाइफाइड, पीलिया,उल्टी,दस्त सहित मच्छर जनित बीमारियों की शिकायत लेकर मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी हजार बिस्तर में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। यहॉ सर्वाधिक मरीज मेडिसिन और त्वचारोग विभाग के थे। बीमारी को ठीक होने में लंबा वक्त लग रहा है इसलिए लोगों को कमजोरी भी आ रही है। जिससे बाहर निकलने में भी वक्त् लग रहा है।



### मच्छर जनित बीमारियों भी बढ़ी

इस वक्त डेंगू और मलेरिया का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है। बारिश की बजह से शहर में जल भराव है, कहीं दलदल तो कहीं कीचड़ के रूप में भरे इस पानी में मच्छर पनप रहे हैं जिनसे मलेरिया एवं डेंगू जैसी बीमारियां फैल रही है।

### इनका कहना है

इन दिनों तापमान में परिवर्तन के कारण लोग सर्दी जुकाम के शिकार बन रहे हैं। जिसके बाद वह वायरल संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। काफी सारे लोगों की जांच में डेंगू,पीलिया,टाइफाइड, की शिकायत सामने आती है। डिहाइड्रेशन के कारण यूरिन इन्फेक्शन आ रहा है। वायरल अपना नेचर बदल रहा है इस कारण से लंबे समय तक मरीज ठीक भी नहीं हो पा रहे हैं। काफी सारे मरीज तो ठीक होने के बाद फिर उल्टी,दस्त की शिकायत लेकर आते। काफी सारे लोगों को पेट में दर्द, आंतों में सूजन की शिकायत आ रही है।

**डॉ आर के शर्मा,सिविल सर्जन**















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95